Download From: http://iasexamportal.com

# MPPSC PRE EXAM 2017

General Studies Paper -1

**(Exam held on 12 Feb. 2017)**

1. राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मई 2016 में निम्नलिखित में से किस देश की यात्रा की?

(A) जापान

(B) म्यांमार

(C) चीन

(D) फ्रांस

2. सानिया मिर्जा के मिक्स्ड डबल्स का पार्टनर इवान डोडिज किस देश से है?

(A) स्वीडन

(B) स्विट्ज़रलैंड

(C) रूस

(D) क्रोएशिया

3. सुहेल सेठ की उस पुस्तक का नाम क्या है, जिसका विमोचन जून 2016 में लंदन में हुआ?

(A) *मंत्राज़ फॉर सक्सेस*

(B) *डार्क हॉर्स*

(C) *विंग्स ऑफ फायर*

(D) *मसीहा*

4. खजुराहो मंदिर से चोरी हुई उस प्रतिमा का क्या नाम था, जिसे कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नोन्द्र मोदी को सौंपा?

(A) गोल्डन पैरट

(B) सिंगिंग पैरट

(C) टॉकिटिव पैरट

(D) पैरट लेडी

5. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक कालिदास द्वारा लिखित नहीं है?

(A) *मेघदूतम्*

(B) *कुमारसम्भवम्*

(C) *उत्तररामचरितम्*

(D) *ऋतुसंहारम्*

6. मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगीत महाविद्यालय, 'माधव संगीत महाविद्यालय', कहाँ स्थित है?

(A) रायपुर

(B) इन्दौर

(C) भोपाल

(D) ग्वालियर



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

7. एक 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें

(A) मुद्रा-पूर्ति पूर्ण रूप से नियंत्रित है

(B) घाटा वित्तीयन होता है

(C) केवल निर्यात होते हैं

(D) न निर्यात और न ही आयात होते हैं

8. 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है

(A) 2007–2012

(B) 2012–2017

(C) 2010–2015

(D) 2006–2011

9. 'इंडिया विज़न 2020' किसके द्वारा तैयार किया गया है?

(A) एस० पी० गुप्ता समिति

(B) पंत समिति

(C) मल्होत्रा समिति

(D) नरसिम्हा समिति

10. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन—1979

(B) प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन—एजेन्डा 21

(C) पृथ्वी शिखर सम्मेलन + 5—1997

(D) कार्बन व्यापार—मांट्रियल प्रोटोकॉल

11. 'अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है।

(B) यह केवल विकसित देशों को ही ऋण प्रदान कर सकता है।

(C) यह केवल सदस्य देशों को ही ऋण प्रदान करता है।

(D) यह किसी देश के केन्द्रीय बैंक को ऋण प्रदान करता है।

12. 2016 में हुई भारत-जिम्बाब्वे एक-दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 'मैन ऑफ द सीरीज़' किसे घोषित किया गया?

(A) जसप्रीत बुमराह

(B) विराट कोहली

(C) अजिंक्य रहाणे

(D) के० एल० राहुल

13. आइ० पी० एल०-9 (2016) का फाइनल मैच किस राज्य के स्टेडियम में खेला गया था?

(A) कर्नाटक

(B) महाराष्ट्र

(C) हरियाणा

(D) पश्चिम बंगाल



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

14. रश्मिरेखा नामक पुस्तक का लेखक कौन था?

(A) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) हरिशंकर परसाई

(D) भवानी प्रसाद मिश्र

15. चन्द्रशेखर आज़ाद का जन्म मध्यप्रदेश के किस ज़िले में हुआ था?

(A) खरगौन

(B) ग्वालियर

(C) झाबुआ

(D) सतना

16. इनमें से कौन परमार वंश का शासक नहीं था?

(A) उपेन्द्र

(B) मुंज

(C) गांगेयदेव

(D) उदयादित्य

17. धंगदेव किस वंश का शासक था?

(A) जेजाकभुक्ति के चंदेल

(B) मालवा के परमार

(C) महिष्मति के कलचुरी

(D) त्रिपुरी के कलचुरी

18. हबीब तनवीर का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?

(A) रायपुर

(B) झाबुआ

(C) इन्दौर

(D) रतलाम

19. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत किस धारा में विशेष न्यायालय की व्यवस्था का प्रावधान है?

(A) 14

(B) 17

(C) 21 (1)

(D) 21 (3)



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

20. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत किए गए अपराधों के लिए जाँच अधिकारी कितने दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा?

(A) 15

(B) 20

(C) 25

(D) 30

21. निम्नलिखित में से कौन-सा ब्राह्मण ग्रन्थ ऋग्वेद से संबंधित है?

(A) *ऐतरेय ब्राह्मण*

(B) *गोपथ ब्राह्मण*

(C) *शतपथ ब्राह्मण*

(D) *तैत्तिरीय ब्राह्मण*

22. 'वस्तु एवं सेवा कर' एक टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसके अध्यक्ष थे

(A) विजय केलकर

(B) मोंटेक सिंह अहलूवालिया

(C) अरुण जेटली

(D) नरसिम्हा

23. मूल कर्तव्यों का उल्लेख संविधान में कब किया गया?

(A) संविधान-निर्माण के समय

(B) 26 जनवरी, 1950 को

(C) 42वें संविधान संशोधन में

(D) 41वें संविधान संशोधन में

24. राज्य और केन्द्रीय सरकार को प्राधिकार प्राप्त होता है

(A) भारत के संविधान से

(B) भारत के राष्ट्रपति से

(C) भारत के प्रधानमंत्री से

(D) भारत की संसद से

25. निम्नलिखित में से किसे एक दबाव समूह माना जा सकता है?

(A) लोक सभा के सदस्य

(B) पंचायत के सदस्य

(C) मंत्रिमण्डल के सदस्य

(D) मज़दूर संघ के सदस्य



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

26. www का आविष्कारक कौन है?

(A) बिल गेट्स

(B) टिम बर्नर्स-ली

(C) टिमोथी बिल

(D) रे टॉमलिंसन

27. किसी बल्लेबाज द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारने पर गेंद समतल ज़मीन पर लुढ़कती है। कुछ दूर लुढ़कने के पश्चात् गेंद रुक जाती है। गेंद रुकने के लिए धीमी होती है, क्योंकि

(A) बल्लेबाज ने गेंद को पर्याप्त प्रयास से हिट नहीं किया

(B) वेग, गेंद पर लगाए गए बल के समानुपाती है

(C) गेंद पर गति की दिशा के विपरीत एक बल कार्य कर रहा है

(D) गेंद पर कोई असंतुलित बल कार्यरत नहीं है, अतः गेंद विरामावस्था में आने के लिए प्रयासरत है

28. मांडू में स्थित जहाज महल का निर्माण इनमें से किस शासक ने करवाया था?

(A) महमूद शाह खिल्जी

(B) अलाउद्दीन खिल्जी

(C) भोज परमार

(D) होशंग शाह

29. आइन-उल-मुल्क मुल्तानी ने इनमें से किस शासक के अधीन सेवा नहीं की थी?

(A) अलाउद्दीन खिल्जी

(B) मुहम्मद बिन तुगलक

(C) फीरोज़ तुगलक

(D) इल्तुतमिश

30. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) स्विट्ज़रलैंड का राष्ट्रपति—जोहान श्नाइडर-अम्मान

(B) मेक्सिको का राष्ट्रपति—एनरिक पेना नीटो

(C) नामीबिया का राष्ट्रपति—हेग गींगोब

(D) कोटे डी आइवरी का राष्ट्रपति—एंजेला मर्केल

31. निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत शृंखला भारत में केवल एक राज्य में फैली है?

(A) अरावली

(B) सतपुड़ा

(C) अजन्ता

(D) सह्याद्रि



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

32. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल होता है

(A) 3 वर्ष

(B) 4 वर्ष

(C) 5 वर्ष

(D) 6 वर्ष

33. इनमें से वह प्रथम नेता कौन था, जिसने भारत में मज़दूर आन्दोलन को संगठित किया?

(A) बी॰ पी॰ वालिया

(B) लाला लाजपत राय

(C) एन॰ एम॰ लोखण्डी

(D) एन॰ जी॰ रंगा

34. जो रूट किस खेल से संबंधित हैं?

(A) क्रिकेट

(B) शतरंज

(C) पोलो

(D) गॉल्फ

35. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैकोब ज़ूमा से जुलाई 2016 में मिले, जो हैं

(A) नामीबिया के राष्ट्रपति

(B) कतर के राष्ट्रपति

(C) मेक्सिको के राष्ट्रपति

(D) दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति

36. फुटबॉल के मोहन बागान क्लब की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(A) 1850

(B) 1879

(C) 1889

(D) 1901

37. मई 2016 में निम्नलिखित में से किस देश में पहली बार महिला राष्ट्रपति बनी?

(A) ताइवान

(B) म्यांमार

(C) अंगोला

(D) नामीबिया

38. 2016 के फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?

(A) इवान डोडिग

(B) नोवाक जोकोविक

(C) ऐन्डी मरे

(D) रोजर फेडरर

39. मनोहर आइच को 'पॉकिट हर्क्यूलिस' कहा जाता था। वे थे, एक

(A) मुक्केबाज

(B) ऐथलीट

(C) तैराक

(D) बॉडीबिल्डर



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

40. 'रंजीत सब-1' एवं 'बहादुर सब-1' क्या हैं?

(A) दो लड़ाकू विमान

(B) दो पनडुब्बियाँ

(C) धान की दो नई किस्में

(D) गेहूँ की दो नई किस्में

41. मई 2016 में रॉड्रिगो ड्यूटेर्ट किस देश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए?

(A) थाईलैंड

(B) स्विट्ज़रलैंड

(C) मेक्सिको

(D) फिलिपीन्स

42. 27 मई, 2016 को ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की शपथ किसने दिलवाई?

(A) राम नाइक

(B) केसरीनाथ त्रिपाठी

(C) टी० एस० ठाकुर

(D) पी० सदाशिवम

43. स्टेट डाटा सेंटर (एस० डी० सी०) प्रारंभ करने वाला पहला भारतीय राज्य है

(A) तेलंगाना

(B) राजस्थान

(C) छत्तीसगढ़

(D) हिमाचल प्रदेश

44. 2016 में भारतीय जनता पार्टी ने निम्नलिखित में से किस राज्य में पहली बार सरकार बनाई?

(A) असम

(B) राजस्थान

(C) केरल

(D) ओडिशा

45. भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म-स्थान था

(A) सागर

(B) उज्जैन

(C) इन्दौर

(D) होशंगाबाद

46. सुनील लांबा हैं

(A) मसीहा उपन्यास के लेखक

(B) हिन्दी के एक प्रसिद्ध उपन्यासकार

(C) भारत के 23वें नौसेना प्रमुख

(D) सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

**47.** जून 2016 में इनमें से किन्हें विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'इन्टरनैशनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स' का अध्यक्ष चुना गया?

(A) मुकेश अम्बानी

(B) आदि गोदरेज

(C) लक्ष्मी नारायण मित्तल

(D) सुनील भारती मित्तल

**48.** भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना कब हुई?

(A) 1954

(B) 1955

(C) 1956

(D) 1957

**49.** दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त, बी० एस० बस्सी को मई 2016 में किस पद पर नियुक्त किया गया?

(A) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

(B) मेघालय का गवर्नर

(C) सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक

(D) संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य

**50.** ध्वनि तरंगों का सबसे तीव्र प्रगमन होता है

(A) ठोस में

(B) द्रव में

(C) गैस में

(D) निर्वात में

**51.** मनुष्य की आँख में किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनता है

(A) कॉर्निया में

(B) परितारिका (आइरिस) में

(C) पुतली में

(D) दृष्टिपटल (रेटिना) में

**52.** मानवों में गुर्दे निम्नलिखित में से किस प्रणाली के अंग हैं?

(A) न्यूट्रीशन

(B) ट्रान्सपोर्टेशन

(C) एक्सक्रीशन

(D) रेस्पिरेशन



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

53. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग प्रोटोज़ोआ द्वारा होता है?

(A) हैज़ा

(B) डिफ्थीरिया

(C) निमोनिया

(D) मलेरिया

54. संवहन द्वारा ऊष्मा का स्थानान्तरण हो सकता है

(A) ठोस एवं द्रव में

(B) ठोस एवं निर्वात में

(C) गैस एवं द्रव में

(D) निर्वात एवं गैस में

55. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) विटामिन A—मैकुलन

(B) विटामिन B—मैकुलन

(C) विटामिन C—जेम्स लिन्ड

(D) विटामिन D—पॉल मूलर

56. लेन्स की शक्ति मापी जाती है

(A) डाइऑप्टर में

(B) इअन में

(C) ल्यूमन में

(D) कैंडेला में

57. निम्नलिखित में से किसे एक स्नेहक (लूब्रिकेन्ट) के रूप में भी प्रयोग किया जाता है?

(A) क्यूप्राइट

(B) ग्रेफाइट

(C) हेमाटाइट

(D) क्रायोलाइट

58. 'हास गैस' है

(A) हाइड्रोजन परऑक्साइड

(B) नाइट्रस ऑक्साइड

(C) कार्बन मोनोक्साइड

(D) सल्फर डाइऑक्साइड



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

59. तड़ित् (बिजली चमकना) से वृक्ष में आग भी लग सकती है, क्योंकि इसमें अत्यधिक मात्रा में होती है

(A) ऊष्मीय ऊर्जा

(B) विद्युत ऊर्जा

(C) रासायनिक ऊर्जा

(D) नाभिकीय ऊर्जा

60. जम्मू-कश्मीर की आठ-वर्षीय तजामुल इस्लाम किस खेल से संबंधित है?

(A) स्क्वॉश

(B) किकबॉक्सिंग

(C) तैराकी

(D) फुटबॉल

61. इनमें से कौन मध्यप्रदेश का हॉकी खिलाड़ी था?

(A) समीर दाद

(B) कीर्ति पटेल

(C) माइकेल नाथ

(D) अमित बनर्जी

62. यशवंत क्लब की स्थापना से किस खेल की शुरुआत प्रारंभ हुई?

(A) हॉकी

(B) फुटबॉल

(C) क्रिकेट

(D) टेबल टेनिस

63. रूप सिंह स्टेडियम कहाँ स्थित है?

(A) ग्वालियर

(B) इन्दौर

(C) भोपाल

(D) जबलपुर

64. अमिताभ विश्वकर्मा किस खेल से संबंधित है?

(A) हॉकी

(B) फुटबॉल

(C) क्रिकेट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

65. 1987 में खेले गए क्रिकेट विश्व कप का क्या नाम था?

(A) रिलायन्स कप

(B) बेन्सन ऐन्ड हेजेज़ कप

(C) विल्स कप

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. सचिन तेंदुलकर को अर्जुन पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया?

(A) 1990

(B) 1994

(C) 1997

(D) 1999

67. राष्ट्रमण्डल खेलों का प्रारंभ किस वर्ष हुआ?

(A) 1922

(B) 1925

(C) 1927

(D) 1930

68. निम्नलिखित में से कौन-सा देश टी-20 क्रिकेट विश्व कप (पुरुष) में कभी भी विजेता नहीं रहा है?

(A) भारत

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) इंग्लैंड

(D) पाकिस्तान

69. निम्नलिखित में से किस वर्ष का ओलम्पिक लंदन में नहीं हुआ था?

(A) 2012

(B) 1968

(C) 1948

(D) 1908

70. इन्टरनेट की उस सेवा को, जो 'ऑडियो' एवं 'वीडियो' वार्तालाप प्रदान करती है, कहते हैं

(A) चैट

(B) ई-मेल

(C) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

(D) वीडियो चैट

71. निम्नलिखित में से कौन-सा वेब ब्राउज़र नहीं है?

(A) ओपेरा

(B) गूगल ऐप्स

(C) विवाल्डी

(D) मोज़िला फायरफॉक्स

72. कम्प्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रैकर्स किस नाम से जाने जाते हैं?

(A) ब्लैक हैट हैकर्स

(B) व्हाइट हैट हैकर्स

(C) एलीट हैकर्स

(D) स्क्रिप्ट किड्डी



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

73. डकडकगो (DuckDuckGo) है, एक

(A) सर्च इंजन

(B) वेब ब्राउज़र

(C) वाइरस

(D) न्यूज़ वेबसाइट

74. ईथरनेट (Ethernet) एक उदाहरण है

(A) मैन (MAN) का

(B) लेन (LAN) का

(C) वेन (WAN) का

(D) वाई-फाई (Wi-Fi) का

75. मोडेम (Modem) परिवर्तित करता है

(A) ऐनालॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में

(B) डिजिटल सिग्नलों को ऐनालॉग सिग्नलों में

(C) दोनों (A) तथा (B)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा 'संवैधानिक निरंकुशता का सिद्धान्त' प्रवृत्त किया गया?

(A) 1909 का भारतीय काउन्सिल अधिनियम

(B) 1919 का भारत सरकार अधिनियम

(C) 1935 का भारत सरकार अधिनियम

(D) 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम

77. गाज़ी मलिक किस वंश का संस्थापक था?

(A) तुगलक

(B) खिल्जी

(C) सैय्यद

(D) लोदी

78. 'भारतीय पुरातत्त्व का जनक' किसे कहा जाता है?

(A) अलेक्जेंडर कनिंघम

(B) जॉन मार्शल

(C) मॉर्टिमर व्हीलर

(D) जेम्स प्रिंसेप

79. राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि से किसने विभूषित किया?

(A) औरंगज़ेब

(B) रॉबर्ट क्लाइव

(C) महात्मा गाँधी

(D) मुगल सम्राट अकबर द्वितीय



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

80. 1909 का अधिनियम संबंधित था

(A) पृथक् मताधिकार-क्षेत्र के लागू करने से

(B) विकेन्द्रीकरण से

(C) द्वैध-शासन से

(D) विधान परिषद् से

81. 1194 के चन्दावर के युद्ध में मुहम्मद गोरी ने किसे हराया था?

(A) कुमारपाल

(B) जयचन्द

(C) गोविन्दराज

(D) भीम द्वितीय

82. दिल्ली सल्तनत के किस वंश ने सबसे कम समय तक शासन किया?

(A) खिल्जी

(B) तुगलक

(C) सैय्यद

(D) लोदी

83. लॉर्ड डफरिन के वायसराय काल की एक महत्वपूर्ण घटना थी

(A) रामकृष्ण मिशन की स्थापना

(B) ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना

(C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना

(D) प्रथम जनगणना की शुरुआत

84. इनमें से कौन सबसे कम आयु में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने वाला व्यक्ति था?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) अबुल कलाम आज़ाद

(C) आनन्द मोहन बोस

(D) भूपेन्द्र नाथ बोस

85. भारत में नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से जनगणना किस वर्ष से प्रारंभ हुई?

(A) 1861

(B) 1871

(C) 1881

(D) 1891



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

86. इनमें से किसने द्वितीय गोलमेज़ सम्मेलन में भाग नहीं लिया था?

(A) महादेव देसाई

(B) प्यारेलाल नैय्यर

(C) मदन मोहन मालवीय

(D) जवाहरलाल नेहरू

87. निम्नलिखित में से कौन-सा देश कैस्पियन सागर से सीमा नहीं बनाता है?

(A) अज़रबैजान

(B) ईरान

(C) इराक

(D) कज़ाकिस्तान

88. कयाल क्या है?

(A) तराई मैदान

(B) गंगा डेल्टा

(C) दक्कन पठार की रेगड़

(D) केरल के लैगून

89. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) कैनियन—नदी

(B) ज्यूजन—वायु

(C) इन्सेलबर्ग—हिमनद

(D) मोरेन—हिमनद

90. स्ट्रॉम्बोली है, एक

(A) प्रसुप्त ज्वालामुखी

(B) जागृत ज्वालामुखी

(C) निर्वापित ज्वालामुखी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया?

(A) 1980

(B) 1974

(C) 1981

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व है

(A) 325

(B) 335

(C) 382

(D) 385



Download From: http://iasexamportal.com

Download From: http://iasexamportal.com

93. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) लिपुलेख—उत्तराखण्ड

(B) नाथू ला—अरुणाचल प्रदेश

(C) रोहतांग—हिमाचल प्रदेश

(D) पालघाट—केरल

94. समप्राय मैदान संबंधित है

(A) वायु से

(B) भूमिगत जल से

(C) हिमनद से

(D) नदी से

95. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 'टोडा जनजाति' का मूल निवास-क्षेत्र है?

(A) जौनसार पहाड़ियाँ

(B) गारो पहाड़ियाँ

(C) नीलगिरि पहाड़ियाँ

(D) जयन्तिया पहाड़ियाँ

96. रास तनुरा तेल शोधनशाला कहाँ स्थित है?

(A) ईरान

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) सऊदी अरब

(D) इराक

97. अफीम का वानस्पतिक नाम क्या है?

(A) *एम्बलिका ऑफिसिनैलिस*

(B) *पैपैवर सोम्नीफेरम*

(C) *रौवाल्फिया सर्पेन्टाइना*

(D) *सिनकोना ग्लीशीज़*

98. विश्व से चेचक का उन्मूलन घोषित हुआ

(A) 1975 में

(B) 1980 में

(C) 1996 में

(D) 2008 में

99. जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफेज) है

(A) पूँछयुक्त जीवाणु

(B) नवनिर्मित जीवाणु

(C) विषाणु को संक्रमित करने वाला जीवाणु

(D) जीवाणु को संक्रमित करने वाला विषाणु

100. पौधों में अर्धसूत्री विभाजन के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त भाग होगा

(A) प्ररोह शीर्ष

(B) मूल शीर्ष

(C) परागकोश

(D) पर्ण कोशिका



Download From: http://iasexamportal.com